छत्तीसगढ़

www.dailychhattisgarh.com

डाक पंजीयन क्र. छग /रायपुर संभाग /40 /2009-2011

रायपुर, 29 जुलाई 2010, गुरुवार   वर्ष-3 अंक-149 पृष्ठ- 12 दाम- 2 रुपए   श्रावण बदी ३ सं. २०६७

वेदांत के शेयरधारकों ने उड़ीसा में नियमगिरी पर खुदाई के लिये प्रबंधकों को आड़े हाथों लिया। खान कम्पनी वेदांत के शेयर धारकों की सालाना बैठक में प्रदर्शनकारियों ने इसके प्रबंधकों पर मानव अधिकारों के कथित हनन और पर्यावरण के विरुद्ध अपराधों के आरोप लगाए। लन्दन में इस बैठक एक दौरान जहां सभागृह के बाहर प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे, वहीं सभागृह के अन्दर कम्पनी के बड़े अफसर, शेयरधारकों, मशहूर कार्यकर्ताओं, और समाज सेवी संगठनों के हमले झेल रहे थे। (समाचार पेज 8 पर)

4 करोड़ के ठेके का 8 करोड़ भुगतान! विधायकों की कमेटी करेगी जांच

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। विधानसभा में खरसिया शाखा नहर के ठेकेदार को 20 फीसदी काम करने पर ठेके से दोगुनी राशि 8 करोड़ भुगतान करने का मामला जोर-शोर से उठा। कांग्रेस विधायक नंदकुमार पटेल ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विधानसभा की कमेटी से जांच कराने की मांग की। जल संसाधन मंत्री हेमचंद यादव बार-बार जांच मुख्य तकनीकी परीक्षक से कराने पर अड़े थे। विपक्ष के आग्रह पर मंत्री के असहमत होने के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने मामले को विधानसभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति को सौंपने का आदेश दे दिया।

विधानसभा में गुरुवार को खरसिया शाखा नहर के भुगतान में गड़बड़ी का मामला जोर-शोर से उठा। पूर्व गृहमंत्री श्री पटेल के सवालों से जल संसाधन मंत्री घिर गए। कांग्रेस सदस्य ने प्रश्न किया कि खरसिया शाखा नहर के किलोमीटर 17 से 20 तक नहर बनाने का काम कब शुरू किया गया और कितनी राशि में इसका ठेका दिया गया। मंत्री श्री यादव ने बताया कि खरसिया शाखा नहर का काम तीन अनुबंधों के आधार पर 7 फरवरी 2002 को शुरू किया गया। इसके लिए विजयवाड़ा की कंपनी मेसर्स इंटीग्रल कंस्ट्रक्शन को ठेका दिया गया था। कंपनी के साथ 1 करोड़ 81 लाख, 1 करोड़ 50 लाख और 77 लाख रूपए के तीन अनुबंध किए गए थे। इसमें से पहले दोनों कार्यों को 15 माह और तीसरे काम को 10 माह में पूरा करना था।

कांग्रेस विधायक ने जानकारी मांगी कि उपरोक्त अनुबंधों के आधार पर बीच में ठेका क्यों खत्म किया गया और कंपनी को कितना भुगतान किया गया। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि तत्कालीन ईएनसी के आदेश पर 16 दिसंबर 2002 को ठेका रद्द कर दिया गया। ठेका रद्द होने की तिथि तक एक काम 22 फीसदी और दो अन्य काम 10.75 तथा 21 फीसदी ही पूरे हुए थे। मंत्री ने बताया कि ठेका निरस्त होने के पश्चात कंपनी को 8 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। उनका कहना था कि ठेका रद्द होने का मामला आर्बिट्रेटर के पास गया था और उन्होंने ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया। चार करोड़ रुपए का 18 प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान किया गया। (बाकी पेज 8 पर)

पहले ही टेस्ट में रैना ने जड़ा शतक

कोलम्बो में चल रहे श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया की आशा के अनुरूप मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और सुरेश रैना ने टीम को फॉलोआन के खतरे से बाहर निकाल लिया। इसी बीच रैना ने भी शतक जड़कर बल्लेबाजी का कमाल दिखाया। टेस्ट मैच करियर में उनका यह पहला शतक है। वे पहले ही टेस्ट में शतक जड़ने वाले बारहवें खिलाड़ी बन गए हैं।

आदिले की बेटी समेत दोनों छात्राओं का मेडिकल दाखिला रद्द

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दाखिला पाने वाली दो छात्राओं का प्रवेश तत्काल निरस्त करने का आदेश दिया है। केन्द्र सरकार ने इस मामले में राज्य सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट और अखिल भारतीय कोटे से दाखिला पाने वाले मेडिकल विद्यार्थियों की जानकारी भी मांगी है।

उल्लेखनीय है कि जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में चार साल पहले निलंबित डीएमई एस.एल. आदिले की पुत्री आकांक्षा आदिले और पूजा गुप्ता के दाखिले को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस

केंद्र ने प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी

मामले में दंत चिकित्सक डॉ. अनिल खाखरिया की शिकायत पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकार को कड़ी कार्रवाई के निर्देश थे। केन्द्र सरकार ने पूरे मामले में फर्जीवाड़ा की पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया था कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोनों छात्राओं को प्रवेश दिलवाया गया है। 2006 में जब इन छात्राओं को एडमिशन दिया गया था उस समय अखिल भारतीय कोटे की सीट ही आबंटित नहीं की गई थी।

केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा संचालनालय से पत्र मिलने के बाद राज्य सरकार हरकत में आई और मामले की जांच की गई। राज्य सरकार ने इस मामले में तत्कालीन डीएमई डॉ. आदिले और दोनों छात्राओं का बयान लिया है। चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार ने डॉ. आदिले को निलंबित कर दिया है लेकिन इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इस बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा संचालनालय ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर दोनों छात्राओं का प्रवेश निरस्त करने का आदेश दे दिया है।

(बाकी पेज 5 पर)

देश की न्यायपालिका का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार, लेकिन पर्याप्त सुबूतों के अभाव में सभी 23 जज बच निकल रहे

नई दिल्ली, 29 जुलाई (टाईम्स ऑफ इन्डिया)। यह देश की न्यायपालिका पर सबसे बड़ा दोषारोपण है। गाजियाबाद जिला न्यायालाय के तृतीय और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के भविष्यनिधि खातों से धोखे से 6.58 करोड़ रुपये निकाल लेने की विस्तृत सीबीआई जांच में सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश और इलाहाबाद उच्च न्यायालय और निचली अदालतों में कार्यरत और सेवानिवृत्त 23 न्यायाधीशों को गलत आचरण का दोषी पाया गया है। इस घोटाले में 47 न्यायाधीशों की कथित भूमिका के जांच करने के बाद सीबीआई ने दोषी पाए गए लोगों की मिलीभगत की रिपोर्ट

7 साल तक जजों का सब्जी-भाजी, राशन से लेकर सैर-सपाटे तक हर खर्च, भविष्यनिधि के पैसों से

बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय को सौंपी। हालांकि सवालिया घेरे में आए न्यायाधीशों को सुबूतों के अभाव में छोड़ दिया गया है।

सीबीआई की जांच के नतीजों से उन्हें धक्का लगेगा जो न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की बात से इनकार करते हुए कहते हैं कि यह निचले स्तर तक ही सीमित है। जस्टिस डी के जैन, वी एस सिरपुरकर और जी एस सिंघवी की खंडपीठ के विचार-विमर्श के लिए रखी गई इस रिपोर्ट में सर्वोच्च न्यायालय में साढ़े पांच साल सेवाएं देकर इस साल 14 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए न्यायाधीश तरुण चटर्जी का भी नाम है। हालांकि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश की इजाजत से की गई पूछताछ के दौरान पूर्व न्यायाधीश ने इस घोटाले में किसी भूमिका से इंकार किया है। लेकिन सीबीआई का कहना है कि (बाकी पेज 5 पर)

सचिन का 5 वां दोहरा शतक

कोलंबो, 29 जुलाई (एजेंसी)। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन गुरूवार को मास्टर ब्लास्ट सचिन तेंदुलकर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दोहरा शतक जड़ा। लेकिन इसके बाद वे सिर्फ तीन रन और जुटा सके। दिलशान की गेंद पर जयवर्धने ने उन्हें स्टम्प आउट कर दिया।

सचिन के बाद आए हरभजन बिना खाता खोले चलते बने। वे भी दिलशान का शिकार हुए। टेस्ट मैच में सचिन का यह पांचवां दोहरा शतक है जो उन्होंने 338 गेंदों पर 23 चौकों और एक छक्के की सहायता से बनाया। सचिन ने यह शतक छह साल बाद लगया साथ ही द्रविड के पांच दोहरे शतकों के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी हाफ सेंचुरी जड़कर और अभिमन्यु मिथुन खेल रहे हैं। फिलहाल टीम इंडिया का स्कोर सात विकेट पर 592 रनों के पार हो गया है।

इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना ने अपने पहले ही टेस्ट में शतक जड़ा। सचिन और रैना की बल्लेबाजी की बदौलत भारत फॉलोऑन बचाने में भी सफल रहा। हालांकि शतक जड़ने के बाद सुरेश रैना (120) अजंता मेंडिस की गेंद पर संगकारा की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद सचिन 203 रन बनाकर और हरभजन शून्य पर आउट हुए। सचिन और हरभजन को दिलशान ने पेवेलियन की राह दिखाई।

श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का बल्ला फिर गरजा। दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सचिन ने अपने करियर का 48वां शतक जड़ा। 13 चौकों और एक छक्के की सहायता से सचिन ने यह शतक बनाया।

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से पहली बार 8 गांवों के विस्थापन की तैयारी

चंद्रकांत पारगीर

बैकुंठपुर, 29 जुलाई (छत्तीसगढ़)। गरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से आदिवासियों के विस्थापन की योजना शुरू हो गई है। यहां के आदिवासी परिवार भी इस सरकारी योजना से खुश हैं। जंगल से ग्रामीण आदिवासियों की जड़ें गहराई से जुड़ी हैं। कोरिया वन विभाग का गुरू घासीदास राष्ट्रीय पार्क एक नई पहचान के साथ टाइगर रिजर्व एरिया व उद्यान के रूप में जाना जाएगा। गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की संचालिका प्रणिता पॉल कल्लाजे ने बताया कि विभाग द्वारा योजना का जो खाका तैयार किया गया है, उसमें विस्थापित परिवारों को कोर क्षेत्र से बाहर ही बसाया जायेगा। जिससे इन्हें अपने जगह में रहने का एहसास होता रहे।

विशाल क्षेत्र वन्यप्राणियों से भरे इस राष्ट्रीय उद्यान का हर कोना अपने मनोरम दृश्यों से संपन्न है। जंगल को कोर एरिया मनुष्यविहीन करने के पीछे उद्देश्य बड़ा ही साफ है, शेरों का स्वच्छंद विकास, जानवरों को उनका अनुकूल वातावरण मिले। विस्थापन के दूरगामी परिणाम की अपेक्षा की जा रही है। इसमें लुप्त होती कई जानवरों की प्रजातियां वो भी घने जंगल में देखना अगली पीढ़ी के लिए विस्मयकारी होगा। गुरू घासीदास उद्यान क्षेत्र में रामगढ, रेहंद और सोनहत





छाया / छत्तीसगढ़

के कुछ क्षेत्रों में समाया हुआ है। बारह परिवारों वाला वन आच्छादित ग्राम रेवला दुखी है। आदिवासी विस्थापन से, ये दुख अपनों से बिछुड़ने का भी है, तो विराने में किसी की आहट खत्म होने का भी है। आदिवासी विस्थापन की दूसरी बड़ी वजह है, पीढ़ियों से जंगल में रहते आये भोले-भाले आदिवासियों का समाज की मुख्यधारा से अलग-थलग रहना। विकास की छाया से मरहूम ग्राम रेवला के महिला-पुरूष और बच्चों के नये संसार बसाने की तैयारी चल रही है। रेवला के अलावा 7 और वन्यग्राम है जो स्थापित किये जा रहे हैं, ये हैं रामगढ क्षेत्र के अंतर्गत तुर्रीपानी और बाघवार, रेहंद क्षेत्र अंतर्गत लून, बैगनपाट, तलाईपाट व सोनहत के अंतर्गत आने वाला सुखतरा गांव।

विभिन्न पहलुओं से देखें तो विस्थापन की योजना काफी महत्वपूर्ण हैं।

(बाकी पेज 5 पर)

छत्तीसगढ़ की राशन व्यवस्था देशभर में लागू करने पर विचार

3 को परिषद के सामने प्रस्तुतीकरण

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। छत्तीसगढ़ की पीडीएस व्यवस्था को देशभर में लागू करने पर विचार किया जा रहा है। इस सिलसिले में 3 अगस्त को राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की बैठक होगी। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के अलावा तमिलनाडु की पीडीएस व्यवस्था का प्रस्तुतिकरण होगा।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की भी अध्यक्ष हैं। परिषद में अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज, पूर्व आईएएस हर्षमंदर सहित अन्य विशिष्ट व्यक्ति सदस्य हैं। खाद्य सुरक्षा कानून को देशभर में लागू करने के लिए गंभीरता से विचार किया जा रहा है। पिछले दिनों योजना आयोग की बैठक में देश के प्रमुख राज्यों के पीडीएस व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसमें छत्तीसगढ़ की व्यवस्था को सर्वोत्तम माना गया। इसके अलावा तमिलनाडु की व्यवस्था को भी बेहतर माना गया।

3 अगस्त को दिल्ली में होने वाली परिषद की बैठक में खाद्य विभाग के प्रमुख सचिव विवेक ढांड यहां की व्यवस्था के बारे में प्रेजेंटेशन देंगे। महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार के मंत्री व अफसर इसके अध्ययन के लिए यहां आ चुके हैं। इसके बाद वे अपने राज्यों में भी इस तरह की व्यवस्था लागू कर रहे हैं।

नक्सलियों ने एस्सार के 5 ट्रक जलाए

जगदलपुर, 29 जुलाई। बस्तर में नक्सल शहीदी सप्ताह की पहली रात दंतेवाड़ा किरन्दुल के पास नक्सलियों ने एस्सार कंपनी के 5 ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। इधर आज दूसरे दिन बस्तर संभाग के पांचों जिले के शहरी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य है। वहीं अंदरूनी क्षेत्रों में बंद का असर देखा गया। नारायणपुर के छोटेडोंगर के पास नक्सलियों ने शहीदी सप्ताह मनाने पर्चे फेंके, लेकिन इन पर्चों में कहीं भी बंद का उल्लेख नहीं है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 12 बजे किरन्दुल के पास एस्सार के धर्म कांटा के पास खड़ी कंपनी की 5 ट्रकों पर नक्सलियों ने आग लगा दी। करीब 60-70 की संख्या में नक्सली पहुंचे और ट्रकों के डीजल टेंक फोड़ आग लगाई। वहीं धर्म कांटा ऑफिस में तोड़फोड़ की गई। बस्तर रेंज के आईजी टीजे लांगकुमेर ने बताया कि करीब रात 9:30 बजे पुलिस सर्चिंग के दौरान उक्त गाड़ियों (बाकी पेज 5 पर)